संपादकीय

पांच साल, जारी सवाल

आरंभ में जीएसटी काउंसिल को सहयोगात्मक संघवाद की उत्कृष्ट मिसाल बताया गया था। लेकिन व्यवहार में हालत यह है कि कांग्रेस ने इसकी बैठक में भी 'बुल्डोजर चलाए जाने' का आरोप लगाया है।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के लागू हुए पांच साल पूरे हो गए हैं। पांचवीं सालगिरह से ठीक पहले जीएसटी काउंसिल की बैठक हुई। उसमें घरेलू जरूरत की चीजों पर टैक्स बढ़ाने का फैसला हुआ। इस फैसले से देश की आर्थिक हालत से परिचित लोग अचंभित हुए। इसलिए कि इस वक्त जबकि लगभग सारी दुनिया रिकॉर्ड महंगाई झेल रही है, सरकारों से अपेक्षा ऐसे कदम उठाने की है, जिससे मूल्यवृद्धि पर लगाम लगे। जबकि भारत में उलटा फैसला हुआ है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में एक एजेंडा राज्यों की यह मांग भी था कि उनके लिए मुआवजे का प्रावधान चार साल के लिए और बढाया जाए। जीएसटी लागू होते वक्त मुआवजे की पांच साल की अवधि तय की गई थी, जो जाहिर है कि अब पूरी हो चुकी है। इस बीच जीएसटी के आम असर, महामारी और अर्थव्यवस्था की खस्ताहाली के कारण राज्यों माली सेहत काफी बिगड़ चुकी है। ऐसे में अगर उनके लिए धन की व्यवस्था नहीं होगी, तो उनके लिए उन जिम्मेदारियों को पूरा करना संभव नहीं रह जाएगा, जिसकी भारतीय संविधान के तहत उनसे अपेक्षा की जाती है। लेकिन इस मांग को अगली बैठक तक के लिए टाल दिया गया।

आरंभ में जीएसटी काउंसिल को सहयोगात्मक संघवाद की उत्कृष्ट मिसाल बताया गया था। लेकिन व्यवहार में हालत यह है कि कांग्रेस ने इसकी बैठक में भी 'बुल्डोजर चलाए जाने' का आरोप लगाया है। दरअसल, एक जुलाई को कांग्रेस ने जीएसटी पर अब तक के अनुभव की जो आलोचना पेश की, उसमें बहुत-सी ऐसी खास बातें हैं, जिन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। इस लिहाज से कांग्रेस की यह मांग उचित है कि पांच साल पूरा होने के बाद अब सरकार को सर्वदलीय बैठक बुला कर इसके अमल के तजुर्बे पर विचार-विमर्श करना चाहिए। लेकिन जब बुल्डोजर सचमुच हमारी राजनीतिक संस्कृति का प्रतीक बन गया है, तब ऐसा होने की उम्मीद कम ही है। बहरहाल, जीएसटी के कारण छोटे और मझौले कारोबार की मुश्किलें जिस तरह बढ़ीं और अब आम उपभोक्ताओं की और बढ़ने वाली हैं, उसे देखते हुए इस मामले में बुल्डोजरी नजरिये का मतलब और भी बड़ी आर्थिक मुसीबतों को न्योता देना होगा।

सुनेयामा को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे प्रणय, सिंधू हारकर टूर्नामेंट से बाहर

कुआलालंपुर । भारत की थॉमस कप विजेता टीम के शटलर एच एस प्रणय ने बेहद करीबी मुकाबले में जापान के कांता सुनेयामा को हराकर मलेशिया मास्टर्स 2022 के सेमीफाइनल में जगह बनायी। प्रणय ने सुपर 500 टूर्नामेंट के चर्टरफाइनल मैच में सुनेयामा को 25-23, 22-20 से मात दी जबकि शीर्ष महिला शटलर पीवी सिंधु को चीनी ताइपे की ताई ज़ू यिंग ने चर्टरफाइनल मुकाबले में 55 मिनट में 21-13 12-21 21-12 से हराया।

प्रणय-कांता के मैच के दौरान यह बताना मुश्किल था कि जीत किसकी होगी। पहले गेम में कांता के 7-6 की बढ़त हासिल करने के बाद प्रणय ने शानदार प्लेसमेंट के साथ 10-8 की लीड बना ली। प्रणय की बढ़त 18-15 पर पहुंचने के बाद कांता ने एक बार फिर दो लगातार पॉइंट के साथ गेम को 18-17 पर ला दिया। 19-19 की बराबरी के बाद दोनों खिलाड़ियों ने सेट पॉइंट की तलाश की, जो अंतत: प्रणय ने हासिल कर पहला गेम 25-23 से जीता।

मैच में 1-0 की बढ़त बनाने के बाद प्रणय ने दूसरे गेम की शुरुआत पॉइंट से की, हालांकि कांता ने इस बार भी प्रणय को टक्कर देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इंटरवल तक कांता 11-9 से आगे चल रहे थे। उन्होंने गेम के दूसरे हिस्से में 20-18 की बढ़त बना ली थी, मगर प्रणय ने यहां कांता की निर्णायक गेम करवाने की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए लगातार चार पॉइंट स्कोर किये और दूसरा गेम 22-20 से जीत लिया। सेमीफाइनल में प्रणय का मुकाबला हांग कांग के एंगस एनजी का लॉन्ग से होगा।

इससे पहले, भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु शुक्रवार को चीनी तापेई की ताई ज़ू यिंग से चर्टरफाइनल मुकाबला हारकर मलेशिया मास्टर्स से बाहर हो गईं। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता यिंग ने सिंधु को एक्सियाटा एरिना में 55 मिनट चले मुकाबले में 21-13, 12-21, 21-12 से मात दी। यह सिंधु की यिंग के खिलाफ लगातार सातवीं हार है। दोनों अब तक 22 बार आमने-सामने आये हैं जिसमें सिंधु को 17 बार हार का सामना करना पड़ा है।

पहले गेम में सिंधु को ताई ज़ू का डिफेंस तोड़ने में परेशानी का सामना करना पड़ा और हाफ टाइम तक वह 9-11 से पीछे चल रही थीं। बैकहैंड शॉट का उचित प्रयोग करते हुए चीनी ताइपे की खिलाड़ी ने पहला गेम 21-13 से जीतकर मैच में 1-0 की लीड हासिल की। सिंधु ने दूसरे गेम में बेहतरीन फुटवर्क दिखाते हुए 11-4 की बढ़त हासिल कर ली। यिंग ने मैच में वापसी करने का प्रयास किया लेकिन शुरुआती बढ़त की बदौलत सिंधु ने दूसरा गेम 21-12 से जीत लिया।

निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर हुई। सिंधु ने शुरुआती बढ़त हासिल करने के बाद अपनी लय खो दी और एक साथ कई पॉइंट गंवा दिये।यिंग ने इसका फायदा उठाते हुए तेजी के साथ तीसरा गेम 21-12 से जीतकर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनायी। इससे पहले सिंधु टोक्यो ओलंपिक सेमीफाइनल में भी यिंग से हार चुकी हैं। हाल ही में मलेशिया ओपन के चर्टरफाइनल में भी उन्हें यिंग के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

अगस्त में जिम्बाब्वे का दौरा करेगा भारत

मुंबई । भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम अगले महीने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रंखला के लिये ज़िम्बाब्वे का दौरा करेगी। यह तीन मैच आईसीसी वनडे सुपर लीग का हिस्सा हैं, जो 18, 20 और 22 अगस्त को खेले जाएंगे।

घरेलू टीम के लिए यह मैच बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि श्रृंखला के अंक अगले साल के एकदिवसीय विश्व कप के लिए चलीफाई करने के लिए गिने जाएंगे। यह पॉइंट भारत के लिए उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं क्योंकि वह अगले अक्टूबर में होने वाले शिखर आयोजन के लिए सीधे चलीफाई कर चुका है।

उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ इस महीने एक के बाद एक खेले जाने वाले छह एकदिवसीय मैच सुपर लीग का हिस्सा नहीं हैं। ज़िम्बाब्वे क्रिकेट (ज़ेडसी) के एक अधिकारी ने कहा, हम भारत की मेजबानी करके बहुत खुश हैं और हम एक प्रतिस्पर्धी और यादगार श्रृंखला के लिए तत्पर हैं।

फिलहाल सभी मैच राजधानी के हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाने हैं। भारतीय टीम के 15 अगस्त को हरारे पहुंचने की उम्मीद है।

ज़िम्बाब्वे के पूर्व मुख्य कोच और वर्तमान तकनीकी निदेशक लालचंद राजपूत ने कहा, भारतीय खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना खिलाड़ियों के लिए और ज़िम्बाब्वे में क्रिकेट बिरादरी के लिये एक बड़ा अवसर है। यह युवा पीढ़ी के बीच इस खेल के लिए बहुत रुचि पैदा करेगा। कुल मिलाकर, यह श्रृंखला जिम्बाब्वे क्रिकेट के लिए बहुत अच्छी है।

भारत छह साल बाद ज़िम्बाब्वे का दौरा करेगा। इससे पहले महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में टीम ने 2016 में अफ्रीकी देश जाकर तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मुकाबले खेले थे।

कीमती धातुओं में तेजी

मुंबई । वैश्विक बाजार की तेजी के असर से आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 136 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 100 रुपये प्रति किलोग्राम चढ़ गई।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना हाजिर 0.11 प्रतिशत बढक़र 1741.59 डॉलर प्रति औंस पर रहा। वहीं, अमेरिका सोना वायदा 0.33 प्रतिशत उतरकर 1732.10 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। इस दौरान चांदी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19.29 डॉलर प्रति औंस बोली गयी।

घरेलू स्तर पर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 136 रुपये की बढ़त लेकर 50757 रुपये प्रति दस ग्राम और सोना मिनी 102 रुपये चढक़र 50791 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा। इस बीच चांदी 100 रुपये की तेजी के साथ 57039 रुपये प्रति किलोग्राम और चांदी मिनी 53 रुपये की मामूली बढ़त लेकर 57460 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

लाबुशेन, स्मिथ के शतकों से ऑस्ट्रेलिया मजबूत

गाले । ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (109 नाबाद) और मार्नस लाबुशेन (104) के शतकों की बदौलत श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन पांच विकेट के नुकसान पर 298 रन का मजबूत स्कोर बना लिया।

ऑस्ट्रेलिया के पहले दिन के नायक स्मिथ रहे जिन्होंने अपना 28वां टेस्ट शतक लगाया। स्मिथ 212 गेंदों की अपनी पारी में 14 चौके लगाकर 109 रन पर नाबाद हैं। 87 मैच खेल चुके स्मिथ ने अपना पिछला अंतरराष्ट्रीय टेस्ट शतक जनवरी 2021 में जड़ा था।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का विकेट जल्दी गंवा दिया। वॉर्नर महज पांच रन बनाकर कसुन रजिता की गेंद पर बोल्ड हो गये। उनके साथी उस्मान ख्वाजा ने 77 गेंदों पर चार चौकों के साथ 37 रन बनाये।

दोनों सलामी बल्लेबाजों के पवेलियन लौटने के बाद रैंक टर्नर पिच पर स्मिथ-लाबुशेन की जोड़ी ने मोर्चा संभालकर 134 रन की साझेदारी की। दोनों ने रमेश मेंडिस और प्रभात जयसूर्या की सटीक गेंदबाजी का संयम से जवाब दिया।

चाय से ठीक पहले आउट हुए लाबुशेन ने 156 गेंदों पर 12 चौकों के साथ 104 रन बनाये। लाबुशेन के बाद ट्रेविस हैड (12) और केमरन ग्रीन (4) भी जल्दी आउट हो गये, लेकिन विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने पारी को संभाला और दिन का खेल समाप्त होने तक स्मिथ के साथ 46 रन की साझेदारी की। स्मिथ 109 रन बनाकर और कैरी 16 रन बनाकर क्रीज़ पर मौजूद हैं।

स्पिन गेंदबाजी के लिये मददगार विकेट पर ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक रवैया के साथ पहले दिन पांच विकेट गंवाकर 298 रन जोड़ लिये हैं।

ट्रेन में सफर करने वालों के लिए जरूरी हैं ये नियम, नहीं माने तो होगी बड़ी परेशानी

नई दिल्ली । अगर आप अक्सर ट्रेन में सफर करते रहते हैं, तो आपके लिए एक जरूरी खबर है। कई बार ऐसा होता है कि मुसाफिर को ट्रेन में पसंद की सीट नहीं मिलती। ऐसे में मिडिल बर्थ वालों को ज्यादा परेशानी होती है, लेकिन आपको बता दें कि भारतीय रेलवे के बर्थ से जुड़े कुछ नियम मौजूद हैं। अगर आप इन्हें जानते हैं, तो आपको सफर करते समय किसी दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। मिडिल बर्थ वाले मुसाफिरों को इस परेशानी का सामना करना पड़ता है कि लोअर बर्थ वाले व्यक्ति बहुत देर तक रात तक बैठे रहते हैं। इससे मिडिल बर्थ वालों को बहुत दिक्कत होती है।

वहीं, ऐसा भी देखा जाता है कि मिडिल बर्थ वाले मुसाफिर ट्रेन चलते ही उसे खोल लेते हैं। इसकी वजह से लोअर बर्थ वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, लेकिन, इसे लेकर भारतीय रेलवे के कुछ नियम हैं, जिनके बारे में जानकारी होने पर व्यक्ति को किसी मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ेगा।

भारतीय रेलवे के नियम के मुताबिक, आपको बता दें कि मिडिल बर्थ पर सफर कर रहा व्यक्ति अपनी बर्थ पर सिर्फ रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ही सो सकता है। इसका मतलब है कि आप चाहें तो मिडिल बर्थ वाले व्यक्ति को रात 10 बजे से पहले उसकी बर्थ खोलने से रोक सकते हैं। वहीं, नियम में कहा गया है कि मिडिल बर्थ वाले व्यक्ति को सुबह 6 बजे के बाद बर्थ को नीचे कर देना होगा, जिससे लोअर बर्थ पर बैठा जा सके। दूसरी तरफ, अगर लोअर बर्थ वाले देर रात तक अपनी सीठ पर बैठे हैं, जिससे मिडिल बर्थ वालों को परेशानी हो रही है, तो मिडिल बर्थ वाला व्यक्ति उन्हें 10 बजे उठा सकते हैं।

वहीं, भारतीय रेलवे का एक और अहम नियम है, जिसकी मुसाफिरों को जानकारी होनी चाहिए। आपको बता दें कि ट्रैवल टिकट एग्जामिनर यानी टीटीई सिर्फ रात 10 बजे तक ही आपकी टिकट चेक कर सकता है। रात 10 बजे के बाद वह आपकी टिकट चेक करने नहीं आ सकता। रेलवे के नियम के मुताबिक, टीटीई को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक ही टिकट चेक करने की इजाजत दी गई है। यह नियम इसलिए बनाया गया है, जिससे मुसाफिर रात को सोते समय परेशान न हो।

ट्विटर की बड़ी घोषणा, 44 अरब का अधिग्रहण सौदा खत्म करने को लेकर मस्क पर दर्ज करेगा मुकदमा

सैन फ्रांसिस्को । टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने 44 अरब डॉलर के अधिग्रहण सौदे को समाप्त कर दिया है, इसको लेकर अब माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर ने शनिवार को घोषणा की वह मस्क पर मुकदमा दर्ज करेगा। एक आश्चर्यजनक कदम उठाते हुए मस्क की कानूनी टीम ने यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि वह सौदे को समाप्त कर रहा है, क्योंकि ट्विटर उनके समझौते के भौतिक उल्लंघन में था और बातचीत के दौरान झूठे और भ्रामक बयान दिए थे।

ट्विटर के अध्यक्ष ब्रेट टेलर ने एक ट्वीट में कहा, बोर्ड मस्क के साथ सहमत कीमत और शर्तों पर लेनदेन को बंद करने के लिए प्रतिबद्ध है और विलय समझौते को लागू करने के लिए कानूनी कार्रवाई करने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि हम डेलावेयर कोर्ट ऑफ चांसरी में जीत हासिल करेंगे। मस्क ने प्लेटफॉर्म पर स्पैमी/फर्जी खातों और बॉट्स की वास्तविक संख्या पर सौदे को रोक दिया था। इस सबको लेकर ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल से जवाब मांगा।

ट्विटर ने गुरुवार को दावा किया था कि वह एक दिन में 10 लाख से अधिक स्पैम खातों को निलंबित कर रहा है। ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल ने पिछले अपडेट में कहा था कि यह प्लेटफॉर्म एक दिन में 500,000 स्पैम खातों को हटा रहा है। अग्रवाल ने मई में ट्वीट करके बताया था कि टीम हर दिन पांच लाख से अधिक स्पैम खातों को निलंबित करती है।

कंपनी के सामान्य वकील, सीन एडगेट ने कर्मचारियों को विलय के बारे में किसी भी टिप्पणी को ट्वीट करने, स्लैक करने या साझा करने से बचने के लिए कहा है। एडगेट ने आगे लिखा, मुझे पता है कि यह एक अनिश्चित समय है और हम आपके धैर्य और हमारे द्वारा चल रहे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं।

आज का राशिफल

मेष : आज आपका दिन बेहतर रहेगा । स्वास्थ्य में सुधार होगा। लेने देने में सावधानी बरतें। आपकी सकारात्मक सोच पुरस्कृत होगी। कामकाज में आप कुछ परेशानियाँ या थकान महसूस करेंगे। कारोबार में फायदा होगा।

वृष : आज आप एक बार फिर समय में पीछे जाकर शादी के शुरुआती दिनों के प्यार और रुमानियत को महसूस कर सकते हैं। तनाव कम होगा। मनोबल बढेगा। नव ऊर्जा का संचार होगा। आज आप आत्मविश्वास के दम पर खुद को साबित कर पाएंगे।

मिथुन : आज आपके परिवार में सामंजस्य बनेगा। धन का अकस्मात लाभ होगा। धन प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। भाग-दौड़ रहेगी। आज लंबी यात्रा करना स्वास्थ के लिए हानिकारक साबित हो सकता है।

कर्क : आज परिस्थिति आपको चाहे कितना भी उकसाए घर की शांति भंग ना होने दें। कभी-कभी अपने गुस्से को पी जाने में ही भलाई होती है। आज अपने गुस्से पर काबू नहीं रखा तो अपनों के बीच दूरियां आ सकती हैं।

सिंह : कारोबार में अकस्मात वृद्धि होगी। पुराना काम बनेगा। साझेदारी से फायदा होगा। आज आपको अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ेगा घरेलू समस्या से छुटकारा मिलेगा प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी।

कन्या : अपने रिश्ते में सुधार लाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। अपने प्रियजनों के साथ कहीं बाहर घूमने जाने की योजना बनाएं और उन्हें खुश कर दें। आज के दिन आपके लिए दूसरी कठिनाइयां खड़ी कर सकता है।

तुला : दूर-समीप की यात्रा होगी। व्यय बढेगा। परिवार से पूर्ण सहयोग मिलेगा। विरोधी शांत होंगे। धन का लाभ होगा। आपके प्रिय का अस्थिर बर्ताव आज रोमांस को बिगाड़ सकता है। आज आपकी गर्व गृहपयोगी चीजों में वृध्दि होगी।

वृश्चिक : आज आप अपने काम से संबंधित किसी यात्रा पर जा सकते हैं। दिन चढने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा। दफ़्तर के कामकाज में ज़्यादा व्यस्तता के चलते अपने जीवनसाथी के साथ आपका रिश्ता तनावपूर्ण हो सकता है।

धनु : धन का लाभ होगा। परिजनों का सहयोग प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। व्यापार से लाभ होगा। आज कुछ ऐसा दिन है जब चीजें उस तरह नहीं होंगी, जैसी आप चाहते हैं।

मकर : आज आपकी कारोबारी यात्रा में लाभ संभव है। चुनौतियों का डटकर सामना करेंगे मधुर वाणी से सबका दिल जीत लेंगे। आप आज रुहानी प्यार की मदहोशी महसूस कर सकेंगे।

कुंभ : करीबी दोस्त आज आपकी मदद को आगे आएंगे और आपको खुश भी रखेंगे। स्वास्थ्य का लाभ होगा। यात्रा से थकावट महसूस करोगे। आज का दिन खूब मौज-मस्ती करने का है क्योंकि आपका मित्र भी आपके साथ है।

मीन : किसी नये मित्र के मिलने से प्रसन्नता होगी। कारोबार से लाभ होगा। आज आपके कार्यस्थल पर कामकाज को लेकर खींचतान हो सकती है। अच्छी तरह सोचें कि आप क्या करना चाहते हैं और अपने विचारों को स्पष्ट रखें।

अपनी चाय को स्ट्रॉन्ग बनाने के लिए मिलाएं कुछ जड़ी बूटियां, मानसून का लें मजा

मानसून ने गर्म-गर्म चाय का मजा लेना और बालकनी में खड़े होकर बारिश को देखना, ऐसी इच्छा सभी की होती है. लेकिन अगर सर्दी, जुकाम, खांसी आदि से बचाना चाहते हैं तो आप अपनी चाय में कुछ ऐसी जड़ी बूटियां को मिला सकते हैं, जिनके सेवन से आप मानसून में होने वाली सभी समस्याओं से बच सकते हैं. आज का हमारा लेख उन्हीं जड़ी बूटियों पर है.

आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि आप अपनी चाय में किन जड़ी बूटियों को मिला सकते हैं.

हल्दी- जब बारिश शुरू होती है, तो हल्दी, जिसमें करक्यूमिन, डेस्मेथोक्सीकुरक्यूमिन और बिस-डेस्मेथोक्सीकुरक्यूमिन की ताकत होती है, हमारे शरीर के अंदरूनी हिस्से को मजबूत कर सकती है। जड़ी बूटी की जीवाणुरोधी विशेषताओं के कारण, यह मानसून के मौसम में होने वाले कई संक्रमणों का इलाज कर सकता है। हमारे वजन घटाने के कार्यक्रम के लिए हल्दी की चाय के अतिरिक्त फायदे हैं।

तुलसी- चिकित्सीय जड़ी बूटियों के क्षेत्र में तुलसी एक प्रसिद्ध रॉकस्टार है. एक कप तुलसी की मिश्रित चाय छाती की भीड़ को कम करेगी, हमारी नाक को खोल देगी और बीमारी को खत्म कर देगी. तुलसी में पाए जाने वाले विटामिन ए, डी, आयरन, फाइबर और अन्य घटक बैक्टीरिया को नष्ट करने और प्रतिरक्षा में सुधार करने में मदद करते हैं. इसके अतिरिक्त, तुलसी अच्छे मौखिक और दंत स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए एक शानदार जड़ी बूटी है.

सतपर्णा- मॉनसून के कारण मच्छरों की आबादी में वृद्धि और मलेरिया का खतरा दोनों बढ़ गए हैं. इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में प्राचीन सतपर्ण का पेड़ एक शक्तिशाली हर्बल हथियार है. इस जड़ी बूटी, जिसे सफेद चीजवुड भी कहा जाता है, में शक्तिशाली मलेरिया-रोधी गुण होते हैं. इसके ज्वरनाशक प्रभाव बुखार को कम कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त, यह मलेरिया के लिए शरीर के समग्र प्रतिरोध को मजबूत कर सकता है. अंतिम लेकिन कम से कम, यह त्वचा की कई समस्याओं के साथ-साथ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल दर्द से राहत दिलाने में मदद कर सकता है.

अदरक- जबकि बारिश के दौरान सडक़ पर खाना बेहद आकर्षक हो सकता है, पेट दर्द के एक भयानक मामले के साथ आता है. इस वजह से, हमारी चाय में अदरक मिलाना एक शानदार विचार है. अदरक एक ऐसी जड़ी-बूटी है जो पाचन और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाती है, जो हमारे आंत को काम करने में मदद करती है. मोशन सिकनेस या मॉर्निंग सिकनेस के कारण होने वाली मतली को नियंत्रित करने के लिए भी यह एक बेहतरीन पेय है.

गुड़हल- चाय में शामिल करने के लिए गुड़हल एक महत्वपूर्ण घटक है, खासकर जब बारिश होती है, क्योंकि यह बीटा-कैरोटीन, विटामिन सी और एंथोसायनिन से भरपूर होता है. जड़ी बूटी हमारी आंतरिक प्रतिरक्षा प्रणाली को संतुलन में रखती है, एक अवांछित बीमारी या संक्रमण के उद्भव को विफल करती है.

फिर एक फिल्म में साथ दिखेंगे प्रभास और अनुष्का शेट्टी

दक्षिण भारतीय अभिनेता प्रभास और अनुष्का शेट्टी की जोड़ी पर्दे पर हिट रही है। बाहुबली में इन दोनों ने अपने अभिनय का शानदार नमूना पेश किया था। फैंस से लेकर समीक्षकों तक ने उनकी बॉन्डिंग को पसंद किया था। अब एक ऐसी खबर आ रही है, जिसे जानकर प्रभास के फैंस झूम उठेंगे। चर्चाओं का बाजार गर्म है कि प्रभास और अनुष्का एक बार फिर एक फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रभास और अनुष्का एक फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। खबरों की मानें तो ये दोनों निर्देशक मारुति की अगली फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। यह एक कॉमेडी फिल्म है, जिसमें दोनों कलाकार अलहदा अंदाज में नजर आएंगे। सूत्र ने बताया कि फिल्म की घोषणा इस साल दशहरा के आसपास होगी। ऐसी चर्चा है कि इस फिल्म का शीर्षक राजा डीलक्स रखा जा सकता है।

शब्द सामर्थ्य- 128

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 127 का हल

ज	द्दो	जे	ह	द	■	स	पू	त
ल	■	ब	ल	वा	न	■	■	द
म	ह	क	■	खा	म	खां	■	बी
ग्न	■	त	ल	ना	■	स	फ	र
■	म	रा	■	■	■	ना	टा	■
■	हि	■	स	■	■	■	फ	न
■	ला	ज	वा	ब	■	म	ट	र
मां	■	ग	■	सं	त	ति	■	भ
■	मा	त	ह	त	■	■	प	क्षी

सू-दोकू- 128

	9			2				1
		5	1				3	
7				9		8		5
	8		3		7		5	
2		7				1		3
	4			1			8	
6		2			9			
	5		7			3		
		8		5			6	7

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.127 का हल

7	8	2	6	3	1	4	5	9
6	4	1	8	5	9	2	7	3
9	3	5	4	7	2	■	1	8
2	6	3	1	9	7	5	8	4
5	7	8	3	6	4	1	9	2
1	9	4	5	2	8	7	3	6
4	5	7	2	8	3	9	6	1
3	1	6	9	4	5	8	2	7
8	2	9	7	1	6	3	4	5